>

Title: Need to accord early approval to the Parwan irrigation cum drinking water supply project in Jhalawar district, Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा) : राजस्थान के बारां, झालावाड़ एवं कोटा जिले के किसानों को सिंचाई एवं पेयजल उपलब्ध कराने के लिए महत्वाकांक्षी परवन सिंचाई एवं पेयजल परियोजना परवन नदी पर ग्राम अकावद कलां, खानपुर, जिला-झालावाड़ (राज0) में प्रस्तावित है । उक्त परियोजना वर्ष 2006 से अब तक किसी न किसी रूप में लंबित है जिसके कारण क्षेत्र के हजारों किसान सिंचाई सुविधा का लाभ मिलने से वंचित हो रहे हैं । परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली को दिसम्बर, 2006 में भेजी गई थी तथा योजना के अंतर्गत आ रही 1825 हेक्टेयर वन भूमि को हस्तांतरित करने की सैद्धांतिक स्वीकृति भी पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान कर दी गई थी किंतु उक्त सिंचाई परियोजना पर अंतिम स्वीकृति जारी नहीं होने के कारण अभी तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है जिसके कारण एक ओर जहां परियोजना की लागत निरंतर बढ़ रही है, वहीं क्षेत्र के हजारों किसान सिंचाई सुविधा से वंचित हो रहे हैं ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि परवन सिंचाई एवं पेयजल परियोजना की अंतिम स्वीकृति में आ रही बाधाओं को दूर कराकर अंतिम स्वीकृति अविलंब जारी कराई जाए ताकि निर्माण कार्य शुरू हो सके ।